**Attachement 2.3**

# संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट

**परियोजना का नाम** लोल्टी करबीनगर मोटर मार्ग के विस्तार के निर्माण हेतु 0.188 हे0 सिविल, कुल 0.188 हे0 वन भूमि का लोक निर्माण विभाग को हस्तान्तरण प्रस्ताव।

आज दिनाँक 15/09/2017 को लोक निर्माण विभाग के द्वारा लोल्टी करबीनगर मोटर मार्ग के विस्तार हेतु स्थल निरीक्षण किया गया। संयुक्त निरीक्षण के समय वन विभाग की ओर से श्री माखन लाल, वन दरोगा, राजस्व विभाग की ओर से श्री पंकज सजवान राजस्व उपनिरीक्षक , प्रस्तावक विभाग की ओर से श्री जितेन्द्र कुमार, सहायक अभियन्ता, श्री पंकज सिंह, कनिष्ठ अभियन्ता अन्य दावेदारों की ओर से स्थानीय ग्रामीण तथा स्थानीय प्रतिनिधि के रुप में ग्राम प्रधान करबीनगर के द्वारा प्रश्नगत परियोजना को बनाने हेतु सर्वश्रेष्ठ स्थल/समरेखन के चयन तथा अन्य वैकल्पिक स्थलों/समरेखनो के चयन हेतु भाग लिया गया ।

संयुक्त निरीक्षण में पाया गया कि सामाजिक आवश्यकता, परिस्थितिक आवश्यकता, आर्थिक मितव्यता तथा तकनीकी आवश्यकता के दृष्टि से जो समरेखन/स्थल सर्वथा उपयुक्त पाया गया है उसमें 1760 (मी0) नाप भूमि से, 240 (मी0) सिविल भूमि से, वन भूमि प्रभावित होगी एवं इस समरेखण/स्थल के चयन में कुल 1.700 हे0 नाप भूमि, 0.188 हे0 सिविल, वन भूमि की आवश्यकता होगी। जिनमें से कुल 0.188 हे0 भूमि के हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी । इस समरेखन पर /चुने गये स्थल पर लगभग 46 वृक्ष बांज, बुरांश, अयांर, उतीस प्रजाति के इस परियोजना के निर्माण से प्रभावित होंगे, जिनमें से 29 बांज प्रजाति के प्रभावित होंगे।

इस समरेखण के तुलना में जो वैकल्पिक समरेखण देखे गये उसमें 1600 मी0 नाप भूमि, 400 मी0 सिविल वन भूमि, प्रभावित होगी एवं इस समरेखण/स्थल के चयन में कुल 1.440 हे0 नाप भूमि, 0.360 हे0 सिविल, वन भूमि की आवश्यकता होगी। जिनमें से कुल 0.360 हे0 भूमि के हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी । इस समरेखन पर /चुने गये स्थल पर लगभग 54 वृक्ष बांज, बुरांश, अयांर, उतीस प्रजाति के इस परियोजना के निर्माण से प्रभावित होंगे, जिनमें से 35 बांज प्रजाति के प्रभावित होंगे।

अतः परियोजना के निर्माण हेतु चयनित विकल्प संख्या प्रथम के वन भूमि के अतिरिक्त अन्य वैकल्पिक एवं उपयुक्त भूमि उपलब्ध नहीं है तथा इस चुने गये वन भूमि की मांग न्यूनतम है।

प्रभावित होने वाली नाप भूमि पर  प्रजाति के वन हैं एवं  प्रभावित होने वाली सिविल तथा वन पंचायत भूमि पर बांज, बुरांश, अयांर, उतीस प्रजाति के वन हैं जिनका वर्तमान वन आच्छादन  है। चुने गये समरेखन का प्रारम्भ होने के स्थल का जी0पी0एस0 मान 30 2' 46.271'' उ0, 79 29' 6.944'' पू0 है तथा यह स्थल करबीनगर से प्रारम्भ होता है तथा समरेखण का अन्तिम स्थल पलोट है जिसका जी0पी0एस0 मान 30 3' 6.152'' उ0, 79 29' 21.338'' पू0 है। चुने गये समरेखण/स्थल के बीच के स्थलों के जी0पी0एस0 मान 30 3' 6.880'' उ0, 79 29' 19.464'' पू0 / 30 3' 6.297'' उ0, 79 29' 18.067'' पू0 हैं।

चयनित समरेखन में शून्य पौधों को अन्य स्थानान्तरित (translocate) किया जाना आवश्यक होगा । चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण किसी राष्ट्रीय पार्क/वन्य जीव अभ्यारहण्य का हिस्सा नही है । चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण के चयन से ग्रामवासियों के परम्परागत अधिकारों का हनन नही होगा ।

इस समरेखण पर उक्त परियोजना के निर्माण के दौरान जो मलवा उत्सर्जित होगा उसके निस्तारण हेतु किमी0 1 में स्थल उपयुक्त पाये गये हैं जिनका जी0पी0एस0 मान 30 3' 6.880'' उ0, 79 29' 19.464'' पू0 / 30 3' 6.297'' उ0, 79 29' 18.067'' पू0 / 30 2' 54.825'' उ0, 79 29' 12.892'' पू0 हैं।

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो0 नि0 वि0
थराली (चमोली)

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो0नि0वि0
थराली, (चमोली)

(राजस्व विभाग प्रतिनिधि)
तहसीलदार
थराली

(वन विभाग प्रतिनिधि)

प्रति हस्ताक्षरित
जिलाधिकारी

पटवारी
पं0 क्षे0 तलवाड़ी
तहसील थराली
(चमोली)

वन क्षेत्राधिकारी
मध्य पिण्डर वन क्षेत्र, थराली
बद्रीनाथ वन प्रभाग गोपेश्वर

प्रति हस्ताक्षरित
प्रभागीय वनाधिकारी
बद्रीनाथ वन प्रभाग गोपेश्वर
(चमोली)

उपजिलाधिकारी
थराली